दिन– बुधवार दिनांक– 03 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजस्व और भूमि सुधार विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित नौ हजार आठ सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र प्रदान करेंगे।

03. प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में भी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने जारी की अधिसूचना।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, पटना, गोपालगंज, वैशाली समेत तेरह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। कल लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस का जवाब देते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का ऐतिहासिक लगातार तीसरा कार्यकाल गति और निरंतरता के लिए जनादेश है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में तीन गुना गति से काम करेगी और देश को विकास के अगले स्तर पर ले जाएगी तथा दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा को पूरा करेगी। श्री मोदी ने कहा कि सरकार पेपर लीक की घटनाओं से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाले लोगों के खिलाफ कडी कार्रवाई को सुनिश्चित किया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री के जवाब के बाद, लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान सदन में एक सौ तीन प्रतिशत कार्य हुआ। इस सत्र में कुल पांच सौ उनचालीस सदस्यों ने शपथ ली।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजस्व और भूमि सुधार विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित नौ हजार आठ सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र प्रदान करेंगे। इनमें विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, सर्वेक्षण कानूनगो और सर्वेक्षण अमीन के पद पर चयनित उम्मीदवार शामिल हैं। पटना के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विभागीय मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। वहीं, जिला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नियोजन पत्र प्रदान करेंगे।

————————————————————————

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब हिंदी में भी पढ़ाई होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में मेडिकल पाठ्यक्रम एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने की व्यवस्था प्रभावी कर दी है। श्री पांडेय ने बताया कि छात्रों के सामने विकल्प होगा कि वे अपनी इच्छा अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ाई कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरुप नीट– यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में उत्तीर्ण छात्र – छात्राओं के लिए इसी सत्र से हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम राज्य में लागू होगा। श्री पांडेय ने कहा कि मध्य प्रदेश के बाद बिहार देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहां मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों को हिंदी में भी पढ़ाई करने का विकल्प रहेगा। उन्होंने कहा कि ''लोकली रिलेवेंट एंड ग्लोबली कॉम्पीटेंट'' डाक्टर्स बनाने में यह मॉडल काफी लाभदायक होगा।

————————————————————————

राज्य सरकार शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन के लिए नई नीति बनायेगी। इसके लिए शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की गयी है। यह समिति पंद्रह दिनों के अंदर अपने सुझाव सरकार को देगी। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सह–अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के परियोजना निदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक समिति के सदस्य बनाए गये हैं। यह समिति अनुकम्पा नियुक्ति और अवकाश तालिका पर भी सुझाव देगी।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा को बिहार से राज्यसभा के लिए एनडीए उम्मीदवार के रूप में नामित करने का फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में पत्रकारों को यह जानकारी दी। राज्यसभा के दो सदस्य भाजपा के विवेक ठाकुर और राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद राज्यसभा की दो सीटें खाली हुई हैं। श्री कुशवाहा त्रिकोणीय मुकाबले में बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव हार गये थे।

———————————————————————

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग पारिवारिक पेंशन से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए इस माह एक विशेष अभियान चला रहा है। विभाग में संयुक्त सचिव धुवज्योति सेनगुप्ता ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा कि पेंशन से संबंधित कुल शिकायतों में बीस प्रतिशत से अधिक शिकायतें पारिवारिक पेंशन से जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान पारिवारिक पेंशन से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

———बाईट———

अगर आप कुटुम्ब पेंशनभोगी हैं और आपका कोई भी शिकायत है, तो आप आईदर हमारे टोलफ्री नम्बर जो 1 8 0 0 1 1 1 9 6 0 है उस पर आप शनिवार और रविवार छोड़कर किसी भी वीक डेज में सुबह साढ़े नौ से शाम के पांच बजे तक आप अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा डी जी पोर्टल डॉट जीओवी डॉट इन श्लैश पेंशन श्लैश इसपर आप जांए और इसपर आप अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

———————————————————————

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक धार्मिक समागम में मची भगदड़ में एक सौ सोलह लोगों की मौत हो गई है। यह भगदड़ कल सिकंदराराऊ तहसील के फुलराई गांव में कथा वाचक भोले बाबा के सत्संग में हुई। अधिकारियों ने बताया कि भगदड़ तब मची जब कार्यक्रम खत्म होने के बाद श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की एक झलक पाने की कोशिश की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, सारण, सीवान, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले के कुछ स्थानों पर अत्यधिक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इस अवधि में पटना, गोपालगंज, अरवल, मुजफ्फरपुर, कैमूर, रोहतास और वैशाली जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में मध्यम बारिश की संभावना है। इधर, इस दौरान विभिन्न स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान घर से बाहर नहीं निकलने और सतर्कता बरतने की अपील की है।

भारी बारिश के कारण कैमूर जिले के रामपुर प्रखंड के शिवपुर गांव में दुर्गावती नदी पर बना छलका पुल बह गया है। इधर, अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में सुबह से ही मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। जिला मुख्यालय सहित कुर्था और करपी प्रखंड के विभिन्न भागों में जल जमाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और प्रदेश में हो रही लगातार बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानन्दा और परमान नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बागमती, कमला बालान, महानंदा और परमान नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गयी है। बागमती मुजफफरपुर के रून्नीसैदपुर में खतरे के निशान से सत्तर सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गयी है। कमलाबलान मधुबनी के झंझारपुर में लाल निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जयनगर में नदी का जलस्तर लाल निशान के पास पहुंच गया है। महानंदा नदी पूर्णियां के ढेंगराघाट और परमान नदी अररिया में लाल निशान के ऊपर बनी हुयी है। इधर, कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ और खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। अधबारा नदी सीतामढ़ी के सुंदरपुर में खतरे के निशान से चालीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के सुरसंड प्रखंड में रातो नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। इसके प्रभाव से देवारी–मतौना, श्रीखंडी भिठ्ठा पूर्वी पंचायत और सीमायाही में बाढ़ का

पानी फैल गया है। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बाढ़ प्रभावित स्थलों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं, जल संसाधन विभाग ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है और तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है।

———————————————————

मुजफ्फरपुर के औराई और कुढ़नी प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के छह दुकानदारों पर खाद्यान की कालाबाजारी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

———————————————————

अरवल जिले के सदर अस्पताल के एक भाग में शॉट शर्किट की बजह से आग लग गयी। अस्पताल प्रबंधक ललन सिंह ने बताया कि इस घटना में कम्पयूटर, एसी और फर्निचर सहित कई सामान जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————

औरंगाबाद के नगर भवन में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से एक शाम शहीदों ने नाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप विकास आयुक्त अभेन्द्र मोहन सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए शहीदों के त्याग और बलिदान को याद किया।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में एक सौ सोलह लोगों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– हाथरस में हाहाकार, सत्संग के बाद भगदड़, एक सौ सोलह मरे।

**दैनिक जागरण** ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले पर लिखा है– नालंदा में रॉकी के ठिकाने पर सीबीआई ने मारा छापा।

**दैनिक भास्कर** ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब का शीर्षक लगाया है– कांग्रेस के मुंह झूठ लगा, हिन्दुओं पर झूठे आरोप की साजिश।

**प्रभात खबर** ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के हवाले से लिखा है– मेडिकल कॉलेजों में इसी सत्र से हिन्दी में पढ़ाई।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– नव दोहरीकृत वारिसलीगंज–नवादा रेलखंड पर ट्रेन का स्पीडी ट्रायल।

**आज** अखबार लिखता है– आचार संहिता के मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी को राहत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजस्व और भूमि सुधार विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित नौ हजार आठ सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र प्रदान करेंगे।

03. प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में भी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने जारी की अधिसूचना।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, पटना, गोपालगंज, वैशाली समेत तेरह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।